Services Housing Co-operative Society Limited

Ashok Nagar,Ranchi-834002

E_Mail – support@ashoknagarranchi.com

आज दिनांक 08.03.2026 को निदेशक मण्डल की बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1–	डॉ0 माधव –	अध्यक्ष –	उपस्थित
2–	श्री के0 पी0 पाण्डेय	उपाध्यक्ष–	उपस्थित
3–	श्री अनिल शंकर	अ0 सचिव	अनुपस्थित
4–	श्री शंकर प्रसाद वर्मा	सं0 सचिव	अनुपस्थित
5–	श्री बसंत कुमार भट्टाचार्य	निदेशक	उपस्थित
6–	श्री प्रताप सिंह –	निदेशक	उपस्थित
7–	डॉ0 श्रीमति रीता लाल–	निदेशक	अनुपस्थित
8–	श्रीमति शोभा कुमारी –	निदेशक	अनुपस्थित
9–	श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव	निदेशक	उपस्थित
10–	डॉ0 श्रीमति जुबी जेन केशरी	निदेशक	अनुपस्थित
11–	श्रीमति गुंजन सिंह –	निदेशक	उपस्थित
12–	श्रीमति सरोज बाला	निदेशक	उपस्थित

कार्यावली संख्या–1– दिनांक 08.02.2026 के बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।

कार्यावलीसंख्या–2– सोसाईटी अभियंता एवं **DC Engineering** के प्रतिनिधि को दिल्ली भेजकर **E-Kitchen Waste** वाहन तथा एक अदद **Fogging Machine** का निरीक्षण कर दर प्राप्त किया गया । **E-Kitchen Waste** वाहन के लिए प्राप्त दरों का तुलनात्मक विवरणी तैयार कर न्यूनतम दरदाता को **50%** राशि भुगतान कर कार्यादेश निर्गत करने तथा के लिए प्राप्त **Proforma Invoice** के आधार पर पूर्ण राशि का भुगतान कर आपूर्ति आदेश निर्गत करने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–3– सोसाईटी परिसर के अन्तर्गत जिन पथों के किनारे पूर्व में 2–6 चौड़ाई में पेभर ब्लॉक लगाया गया था, उन पथों में **Wall to Wall** पेभर ब्लॉक लगाने का निर्णय लिया गया । यह कार्य पूर्व के संवेदक **M.R. Enterprises** से पूर्व के दर 55/–(पचपन रूपया) प्रति वर्गफुट की दर से नापी के आधार पर कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–4– बजट उपशीर्ष क्रमांक 15 से 6.00 लाख रूपये उपशीर्ष–8 में पुनर्विनियोग की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–5– बजट उपशीर्ष क्रमांक 17 से 1.50 लाख रूपये उपशीर्ष 7 में पुनर्विनियोग की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–6– बजट उपशीर्ष क्रमांक 17 से 3.00 लाख रूपये उपशीर्ष 16 में पुनर्विनियोग की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–7– बजट उपशीर्ष क्रमांक 11 से 3.00 लाख रूपये उपशीर्ष 5 में पुनर्विनियोग की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–8– बजट उपशीर्ष क्रमांक 14 से 2.00 लाख रूपये उपशीर्ष 9 में पुनर्विनियोग की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–9– सोसाईटी के बायलॉज में संशोधन हेतु पूर्व में गठित कमिटि को ही यह जिम्मेदारी सौपने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–10– सोसाईटी के भवन बायलॉज को नये सिरे से आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए एक कमिटी के गठन का निर्णय लिया गया जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल होगे :–

(1) श्री आर0 के0 सिंह – सदस्य 469/बी

(2) श्री अखिलेश्वर प्रसाद चोधरी– सदस्य 447/ए

(3) डॉ0 श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव – सदस्य– 54/डी

(4) श्री प्रताप सिंह, सदस्य 357/बी

(5) श्री सुभाष चन्द्रा – सदस्य 158/सी

अन्यान्य (क)– सोसाईटी कर्मियों के ई0पी0एफ0 के मामले भविष्य निधि निदेशालय से प्राप्त पत्र के उत्तर में वर्ष 2023 से अबतक दैनिक मजदूरों एवं सोसाईटी के कर्मियों के भविष्य निधि का व्योरा जय गुरू कन्सल्टेंसी के माध्यम से भेजा जायगा ।

(ख) पार्क बी स्थित पानी टंकी की मरम्मति हेतु **Turn Key Basis** पर **Tender** करने का निर्णय लिया गया ।

(ग) दिनांक 15 मार्च को कम्प्यूटर आपरेटर एवं कार्यालय अधीक्षक पद के लिये **Walk in Interview** के आधार पर चयन हेतु उपाध्यक्ष श्री के0 पी0 पाण्डेय की अध्यक्षता में कमिटि का गठन किया गया जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

(1) श्री बसंत कुमार भट्टाचार्य – निदेशक

(2) श्रीमति गुंजन सिंह – निदेशक

(3) डॉ0 जूबी जेन केशरी – निदेशक

(4) श्री राजीव नयन चौधरी – चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट

(घ) प्लॉट संख्या–203/सी के सदस्य श्री नवीन कुमार सिन्हा एवं सह–सदस्य श्री प्रवीण कुमार सिन्हा सहित नामांकित दो बहन श्रीमति नीलिमा श्रीवास्तव एवं श्रीमति विनिमा प्रसाद ने अपने भूखण्ड का 6.026 डिसमिल अखिल भारतीय रेल अभियंत्रण सेवा ग्रुप–ए के पदाधिकारी श्री मनीष कुमार के नाम से प्रत्यार्पण की स्वीकृति प्रदान की गई ।

(च) गेट संख्या–7 को स्टील गेट में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया ।

(छ) पार्क ए एवं गेट नं0–9 के पास **4"** का बोरिंग कराने का निर्णय लिया गया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

ह0/–
(डॉ0 माधव)
अध्यक्ष

ज्ञापांक :– 41 दिनांक :– 9/03/2026

प्रतिलिपि– निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(डॉ0 माधव)
अध्यक्ष